हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 37

नर्सिंग कॉलेज

918 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अर्की में नर्सिंग कॉलेज खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पॉलिटेक्निक कॉलेज

919 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अर्की में पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

बाड़ीधार व मलौन किला

920 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बाड़ीधार तथा मलौन किला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इसके दृष्टिगत क्या पग उठाए गए हैं?

विवाचन के मामले

921 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों से दिनांक 31.01.2020 तक लोक निर्माण विभाग में विवाचन (Arbitration) के कितने मामले लम्बित हैं तथा कितनी धनराशि विवाचन में ठेकेदारों को दी गई; और

(ख) जिला किन्नौर के लोक निर्माण डिविजनों में कितनी धनराशि विभिन्न मदों में अव्ययित पड़ी है; ब्यौरा दें?

आपदा प्रबन्धन हेतु धनराशि

922 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षो में दिनांक 31-01-2020 तक प्रदेश में आपदा प्रबन्धन के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान था; कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा जिलावार एवं योजनावार दें; और

(ख) इस अवधि में जिला किन्नौर में कितनी धनराशि आपदा राहत फंड (C R F) के अन्तर्गत प्राप्त हुई तथा कितनी धनराशि वितरित की गई; ब्यौरा योजनावार लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

थ्री व्हीलर परमिट

923 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) ः**
श्री मुलख राज(बैजनाथ) ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में गत 3 वर्षो के दौरान पैसेंजर ऑटो रिक्शा के कितने परमिट जारी किये गए हैं;

(ख) क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी धर्मशाला के कार्यालय में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित कितने प्रार्थना पत्र कब-कब से लंबित हैं तथा कितनों को अनुमति प्रदान की गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार रिकांगपिओ में थ्री व्हीलरज़ चलाने हेतु परमिट देने का विचार रखती है?

नई बसों की खरीद

924 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम द्वारा कितनी नई बसें खरीदी गईं और जिला चम्बा को कितनी बसें दी गई;

(ख) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने रूट बंद पड़े हैं और इन रूटों पर कब तक बस सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी; और

(ग) वर्तमान में चम्बा क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

Sanctioned Funds

925 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state during the last year upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned under decentralised planning, natural calamity releif, backward area sub-plan and other heads in District Sirmour; details of each scheme and amount sanctioned be given block-wise?

Sanctioned Funds

926 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state during the last 2 years upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned under Repair and Restoration in PWD Division Shillai; details be given workwise?

Sanctioned Houses

927 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.01.2020, how many houses have been sanctioned to houseless people in Shillai Block, names of allottees alongwith address be given;

(b) what is the criteria for sanctioning of houses; has it been strictly followed; if not, in which cases relaxation has been allowed; and

(c) how many houses have been completed; how many are still under construction and by when these will be completed; and how much payment has been made to the beneficiaries; Panchayat-wise details be given?

शिक्षा नीति

928 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा नीति में फेरबदल करने का विचार रखती है?

डी0पी0आर0 का ब्यौरा

929 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण मण्डल पांवटा साहिब, नाहन व संगड़ाह में कितनी डी0पी0आर0 बनकर तैयार हुईं और कितनी बननी बाकी हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

दूध कलैक्शन सेंटर

930 **श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सिरमौर जिला में कितने दुग्ध प्रशीतन केंद्र (Milk Chilling Plant) हैं; कितने बंद पड़े हैं तथा बन्द पड़े प्लांटों की मशीनों के उपयोग हेतु सरकार की क्या योजना है;

(ख) रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने दूध कलैक्शन सेंटर/बूथ हैं; कौन-कौन से

बूथ पर दूध एकत्रित किया जाता है और कौन-कौन से बंद पड़े हैं; और

(ग) यह सत्य है कि बोगधार में बने दूध कलैक्शन सेंटर के बूथ को गिरा दिया गया है; यदि हां तो किसकी अनुमति से गिराया गया और इसमें लगी उद्‌घाटन पट्टिका को कहां लगाया जाएगा, इसकी स्वीकृति व इस पर की गई कार्रवाई की प्रति सभा पटल पर रखें?

विभिन्न योजनाओं हेतु कैम्प

931 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कल्याण विभाग द्वारा सिरमौर जिला में विभिन्न योजनाओं के लिए कहां-कहां कैम्प लगाए गए; इनसे जनता को क्या सुविधाएं मिली; और

(ख) कैम्प लगाने हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इन कैम्पों में कितने लोगों ने भाग लिया; ब्यौरा कैम्पवार दें?

अनुसूचित जाति उप-योजना

932 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि 01 जनवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2020 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में SCCP के अन्तर्गत कितनी किलोमीटर सड़कें बनीं व कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा नाम सहित दें?

पटवारखाने/तहसीलदार के रिक्त पद

933 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पटवारखाने निजी भवन में चल रहें हैं; इनके भवन निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील कुपवी व नेरवा में तहसीलदार के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां तो सरकार इनको भरने भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

भवन निर्माण

934 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलघार निजी भवन में चल रहा है; यदि हां, तो सरकार इसके भवन निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक चिकित्सालय नेरवा व चौपाल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुपवी, बलधार व मड़ावग में लैब तकनीशियनव रेडियोग्राफर के कितने पद रिक्त हैं; सरकार इनको भरने हेतु क्या पग उठा रही है; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डिसपैंन्सरियों में किस-किस श्रेणी/चिकित्सक के कितने पद किस-किस स्थान पर कब से रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

विकास कार्य

935 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा में सरकार ने BSNL को कितने विकास कार्य दिए हैं; इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार, कार्य व धनराशि सहित दें ?

Rent Free Accommodation

936 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Chief Engineers and other officers of HPSEB, IPH, PWD, Housing Board and other Departments are entitled for rent free accommodation; and

(b) if yes, during the last 2 years upto 31.01.2020, how much expenditure has been incurred on such type of Government accommodation?

नगर परिषद्

937 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)**:

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार अम्ब शहर को नगर परिषद् बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

Registered Families

938 **Sh. Balbir Singh (Chintpurni)**:

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many families have been registered in the record of Gram Panchayats in Amb Block upto 01/04/2018;

(b) how many families have been separated between 01/04/2018 to 31/01/2020;

(c) in how many cases, prescribed procedure has not been followed by Gram Panchayats for separation/division of the families; and

(d) if so, what action has been taken by the Government to rectify the wrong done?

MLA Priority Schemes

939 **Sh. Ashish Butail (Palampur)**:

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 31.01.2020, how many DPRs have been prepared by the Jal Shakti Division Palampur and Thural; Constituency-wise details be given;

(b) what is the latest position of preparation of DPRs under MLA priority schemes in Palampur and Thural Jal Shakti Divisions; and

(c) what are the reasons for delay in preparing the DPRs?

Jan Manch

940 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) what is the expenditure incurred on two Jan Manch programmes held in Palampur Constituency; details of expenses incurred be given; and

(b) how many grievances have been received in each Jan Manch held and what is the action taken on these grievances; details be given?

Unspent Money

941 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state how much money is lying unspent in Bhawarna, Panchrukhi and Baijnath Blocks under VKVNY, SDRF, SDP and other heads; panchayat-wise and head-wise details be given?

पदपूर्ति

942 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पॉलिटेक्निक कॉलेज व फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद कब से रिक्त हैं और रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

निविदाएं

943 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक लोक निर्माण उप-मण्डल टिक्कर के अन्तर्गत Rural Road Repair & Maintenance (RR & RM) के अन्तर्गत कितनी निविदाएं आमंत्रित की गईं; ब्यौरा ठेकेदार के नाम एवं धनराशि सहित दें?

पुल निर्माण

944 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आन्ध्रा खड्ड पर राऊडी गांव; पब्बर नदी पर बखीरना एवं छोटा पुल बखीरना रोड/नाले पर पुलों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

ड्रैस कोड

945 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि महिला शिक्षकों को ड्रैस कोड का प्रावधान है; यदि हां, तो उसे कब लागू किया जाएगा; यदि नहीं, तो कारण?

मंदिरों में सुरक्षा

946 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश के प्रसिद्ध मंदिरों में सुरक्षा के दृष्टिगत प्रवेश द्वारों पर फ्रेम मैटल डिटैक्टर व एक्स-रे स्कैन सिस्टम लगाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

दिव्यांग वर्ग के पद

947 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में विभिन्न विभागों में दिव्यांग वर्ग के कितने पद श्रेणीवार सृजित हैं; कितने भरे गए हैं व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि वर्ष 2017 के उपरांत दिव्यांगों के पदों को नहीं भरा गया है; यदि हां, तो सरकार कब तक भर्ती करने का विचार रखती है?

पात्र व्यक्तियों की टी0डी0

948 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन मंडल नाचन में वर्ष 2019 से मार्च, 2020 तक कितने पात्र व्यक्तियों को टी0डी0 प्रदान की गई; बीट तथा लाभार्थियों के नाम व पते सहित पूर्ण ब्यौरा दें?

Sairighat Rest House

949 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of Sairighat Forest Rest House and by when it will be completed?

Theog Bus Stand

950 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) what is the cost of construction of Theog Bus Stand and by when the construction work will be completed;

(b) who is responsible for designing the Theog Bus Stand and is it feasible to have ingress and outgress from the same side; and

(c) has the competent authority studied the feasibility of separating the outgress of Theog Bus Stand?

पोकलेन-टिप्पर व जे0सी0बी0

951 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2020 तक ऊना जिला में कितने लोगों ने पोकलेन-टिप्पर व जे0सी0बी0 क्रय व पंजीकृत कारवाई तथा ऋण किस बैंक से लिया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) यह पोकलेन-जे0सी0बी0 व टिप्पर कहां-कहां कार्य कर रहे हैं; ब्यौरा दें?

दियोली सहकारी कृषि सभा

952 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि अम्ब तहसील के अन्तर्गत दियोली सहकारी कृषि सभा में गबन हुआ है; यदि हां, तो किन धाराओं के अन्तर्गत मामला दर्ज़ किया गया है;

(ख) इस सहकारी सभा में कितने उपभोक्ताओं की धनराशि जमा थी तथा धनराशि की प्रतिपूर्ति हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) यह सत्य है कि यह मामला जनमंच में भी उठाया गया था; यदि हां, तो इस सन्दर्भ में सरकार ने क्या दिशा-निर्देश जारी किए?

ट्यूबवैल के माध्यम से पानी

953 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिनके अन्तर्गत ट्यूबवैल के माध्यम से तलाबों में पानी नहीं डाला जाएगा;

(ख) क्या यह निर्देश सिर्फ़ हरोली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ही लागू हैं या पूरे प्रदेश में;

(ग) यह भी सत्य है कि इन तालाबों में मछली पालन का कार्य पंचायतें करती हैं; और

(घ) सरकार पशुओं को होने वाली पेयजल की कठिनाई को दूर करने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सड़क पासिंग

954 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में कितनी सड़कों की पासिंग हुई है; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि सड़क पासिंग नीति और नियमों को संशोधित किया गया है; यदि हाँ, तो संशोधित नीति व नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 24 फरवरी, 2020 . **सचिव।**